# पिलखा भूमि

PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com






वर्ष 01 अंक 07 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक मार्च 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5

## बुद्धि रंजन राय जी के द्वारा एक नया पहला चालू किया गया वह हर वर्ष कुदरगढ़ देवी धाम एवं रामगढ़ में बसे वानर को केला एवं चना पानी खिलते हैं और सभी से अनुरोध करते हैं कि आप सभी खिलाएं।



पिलखाभूमि समाचार पत्र



जिला सरगुजा में स्थिति ग्राम तुरापानी के बुद्धि रंजन राय जी एवं उनके परिवार के द्वारा हर वर्ष कुदरगढ़ देवी धाम एवं रामगढ़ में स्थित बेजुबान जानवर एवं वानर एवं पशु पक्षी को केला एवं चना पानी खिलते हैं एवं उनका मानना यह है कि सब तो मंदिर में भगवान का दर्शन के लिए आते हैं लेकिन वह बेजुबान जानवर को को कोई खाना नहीं देता हैं

बुद्धि रंजन राय जी के द्वारा सभी व्यक्ति से निवेदन किया जा रहा है कि आप मंदिर में भग. वान के दर्शन के लिए जाते हैं तो वहां पर रहने वाले बेजुबान जानवर जैसे वानर पशु पक्षी इत्यादि को आप अवश्य खान एवं पानी खिलाएं क्योंकि बेजुबान जानवर है भूख या प्यास लगे तो किसी को बोल नहीं सकते हैं ,, सभी से विनर में नि. वेदन है कि वानर एवं सभी पशु पक्षी को अवश्य खाना खिलाए।

## जनपद पंचायत सूरजपुर के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों अध्यक्ष उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण व प्रथम सम्मेलन मे मुख्य अतिथि शामिल हुई केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

संपादक :— मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र

सूरजपुर जनपद पंचायत सूरजपुर के नव निर्वाचित जनपद सदस्यों व जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण मे मुख्य अतिथि के रूप







मे शामिल होकर सभी का अभीवादन किये तथा अपने उदबोधन मे कहा की मुझे अपने ओ दिन याद आ गईं जब मै जनपद सदस्य के रूप मे चुनकर आई थी व इसी स्थान पर जनपद सदस्य के रूप शपथ ग्रहण की थी तथा आप सभी के आशीर्वाद व सहयोग से जिला पंचायत सदस्य फिर विधायक व केबिनेट मंत्री बनी यकीन मानिये आप सब पार्टी पर भरोषा कर नि. रंतर मेहनत करते रहिये हो सकता है आपही मे कोई कल विधायक सांसद व मंत्री बन जाएंगे रही बात विकास की तो क्षेत्र व जिला के विकास मे कोई कमी नहीं छोडी जायेगी शपथ एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल ने अध्यक्ष स्वाती संत सिंह व उपाध्यक्ष मनमथ बच्चाड़ व सभी सदस्यों को दिलाये कार्यक्रम मे मुख्यरूप से प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमनी पैकरा जिलाप. ंचायत सदस्यों मे किरण केराम मोनिका सिंह नरेंद्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बाबूलाल अग. ्वाल भीम सेन अग्रवाल रितेश गुप्ता संत सिंह अनूप सिन्हा कौशल सिंह जनपद सीईओ विनोद सिंह तहसीलदार अधिकारी कर्मचारी पार्टी पदाधिकारी तथा भारी संख्या मे आम जनता शामिल हुए

## सीतापुर विधायक राम कुमार ता. `पों ने होलीक्रॉश हॉस्पिटल अंबिकापुर , के एडमिनिस्ट्रेटर से मुलाकात कर व्यवस्थाओं के बारे में लिया जानकारी,



संपादक :— मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**सरगुजा** के सीतापुर वधिानसभा क्षेत्र के वधिायक रामकुमार टोप्पो ने अंबकिापुर होलीक्रॉश हॉस्पटिल पहुंचे और वहां के एडमनिस्ट्रिेटर से मुलाकात कयिएऔर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लयिा एउनका मुख्य उद्देश्यएसीतापुर वधिानसभा क्षेत्र से यहां उपचार हेतु आने वाले लोगों को सही व्यवस्था और सुवधिा प्रदान करने को लेकर थाएएजसिमें उन्होंने आयुष्मान कार्ड की सुवधिा एऔर अन्य सुवधिा को लेकरचर्चा कयिा एए और स्वास्थ्य सुवधिा को और बेहतर बनाने के वषिय पर भी चर्चा कयिा

## कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान, अधिकारियों को दिए आवश्यक—दिशा निर्देश

संपादक :— मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र



अम्बिकापुर 24 मार्च 2025 कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर भोस्कर ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया। जनदर्शन में सीमांकन, नहर मुआवजा, जलभराव, ट्राइसाइकिल, भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट और सड़क मरम्मत जैसी प्रमुख समस्याएं सामने आईं।

### समस्याओं के समाधान के लिए कले. क्टर के निर्देश

कलेक्टर विलास भोसकर ने भूमि सीमांकन विवाद को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन दिए जिस पर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में नहर निर्माण से प्रभावित किसानों ने मुआवजे की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाए। कलेक्टर जनदर्शन में बारिश के दौरान जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों ने शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को जल निक. ासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में दिव्यांगजनों ने आवागमन सुविधा के लिए ट्राई साइकिल की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को शीघ्र वितरण करने को कहा। वहीं नागरिकों ने भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट न होने की समस्या को लेकर कले. क्टर को आवेदन दिया। जिस पर उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिया कि सभी रिकॉर्ड अपडेट किए जाएं और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जनदर्शन में ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार की मांग की। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

### जनदर्शन में त्वरित कार्रवाई प्राथमि. कता

कलेक्टर ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें और नागरिकों को राहत प्रदान करें। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव, नगर निगम कमिश्नर डीके कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को नगर निगम आयुक्त ने अस्पताल पहुंचाया, स्वयं अपनी वाहन से अस्पताल पहुंचाकर मानवता का दिया परिचय

पिलखाभूमि संवाददाता — मो शाजिद अली



एमसीबी 26 मार्च 2025 चिरमिरी—मन. ेन्द्रगढ़ साजापहाड़ पहुंच मार्ग से रोजाना की तरह मंगलवार की रात्रि को सुरेन्द्र समुन्द्रे आत्मज लल्ला, निवासी रेलवे स्टेशन के पास हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, जो कि पाराडोल रेलवे स्टेशन से ड्यूटी करके वापस अपने घर आ रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। उसी वक्त उक्त मार्ग से गुजर रहे नगर पालिक निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला की नजर सड़क किनारे पड़े घायल व्यक्ति पर पड़ी। आयुक्त ने दरियादिली दिखाते हुए अपने वाहन चालक और स्टाफ मनीष और अरमान हथगेन की मदद से घायल को अपनी गाड़ी में बैठाया और अस्थायी जिला चिकित्सालय बड़ाबाजार में भर्ती करवाकर उपचार शुरू कराया। आपको बता दें कि सुरेन्द्र समुन्द्रे हल्दीबाड़ी के निवासी हैं और पाराडोल रेलवे स्टेशन में ड्यूटी करते हैं। वे प्रतिदिन मनेन्द्रगढ़—साजापहाड़ मार्ग से गुजरते हुए अपने कार्यस्थल जाते हैं। मंगलवार की रात अचानक एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जा. ेरदार टक्कर मार दी, जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई। वहीं नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला 26 मार्च को छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के एमसीबी प्रवास आगमन की तैयारियों को पूरा कर वापस चिरमिरी लौट रहे थे। तभी नागमाड़ा मंदिर के समीप उनकी नजर घायल सुरेन्द्र समुन्द्रे पर पड़ी। आयुक्त ने एम्बुलेंस या अन्य वाहन का इंतजार करने की बजाय स्वयं अपनी गाड़ी से घायल को अस्पताल पहुंचाया और मौके पर उपस्थित रहकर ड्यूटी में तैनात डॉक्टर और स्टाफ को घायल व्यक्ति का उचित उपचार करने के निर्देश दिए। इस मानवीय कार्य से उन्हा. ेने मानवता की मिसाल पेश की। इस दौरान मौके पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य मनोज डे भी उपस्थित रहे।

## अपने घर, कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, जहां कहीं भी संभव हो, एक पेड़ अपनी मां के नाम से अवश्य लगाएं रू राज्यपाल डेका जिले में बाल विवाह रोकने एवं बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए चलाएं विशेष कैंपेन

पिलखाभूमि संवाददाता मो शाजिद अली




एमसीबी 26 मार्च 2025 मनेंद्रगढ़—चिरमिरी—भरतपुर जिले की प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, डीएफओ श्री मनीष कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम एवं सभी विभाग अंतर्गत जिला अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में क्रियान्वित किए जा रहे शासन की योजनाओं, उनकी प्रगति और लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में एजेंडावार जानकारी ली। अपने प्रवास में कलेक्ट्रेट परिसर आगमन पश्चात सर्वप्रथम उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने श्एक पेड़ मां के नाम अभियानश् के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में सफेद चंदन के पौधा का रोपण किया। बैठक के पश्चात उन्होंने ग्राम तेंदुडांड का निरीक्षण किया और वहां प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास का अवलोकन किया और हितग्राहियों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने एनआरएलएम के समूह की महिलाओं के साथ चर्चा कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को जाना। आज राज्यपाल श्री डेका ने बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की प्रगति की एजेंडावार जानकारी ली। उन्होंने जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत जल संचयन एवं संवर्धन की वर्तमान स्थिति एवं जिले में जल संचयन हेतु किए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने भूजल स्तर बढ़ाने के लिए विभाग को सक्रियता के साथ कार्य करने एवं जल संचयन हेतु नागरिकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन पर चर्चा करते हुए उन्होंने जिले में वृक्षारोपण, महुआ बचाव अभियान, लघु वनोपज संग्रहण, लाख विकास योजना की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने घर, स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक भवन परिसर अथवा जहां कहीं भी संभव हो, एक पेड़ अपनी मां के नाम से अवश्य लगाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग अंतर्गत उन्होंने जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए जैविक खेती मिशन एवं परंपरागत कृषि विकास योजना की जानकारी लेते हुए जिले में जैविक कृ षि को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय निर्माण, प्ला. स्टिक प्रबंधन इकाई, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, नगरीय निकायों में स्रोत से अपशिष्ट पृथक्करण सहित अन्य कार्यक्रमों की जानक. ारी ली एवं अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिले में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। योग के लिए जागरूकता हेतु विद्यालयों में चलाए जा रहे आयुर्विद्या कार्यक्रम एवं महिलाओं के लिए चलाए जा रहे सुप्रजा कार्यक्रम की भी जानकारी ली। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए उन्होंने इसके लिए गहन अभियान चलाने की बात कही। साथ ही इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। इसके अलावा बाल लिंगानुपात, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह रोकथाम संबंधी गति. विधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्हा. ेने विशेष कैंपेन चलाकर बाल विवाह रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जागरूकता अभियान चलाकर बाल विवाह के नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय विधायक एवं सां. सदों के माध्यम से भी इस अभियान को और अधिक गहनता एवं सक्रियता से चलाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले में स्कूली बच्चों की शिक्षा के संबंध में चलाई जा रही योजनाओं, छात्रवृत्ति योजना, मुस्कान पुस्तकालय योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग को बच्चों के शिक्षा उन्नयन के लिए अभियान चलाकर श्रमिकों को बेहतर शिक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए और योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के निद. ेश दिए। इसके अलावा स्कूली विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में एनसीसी से जोड़ने को कहा, ताकि उनमें व्यक्तित्व का बेहतर विकास के साथ—साथ राष्ट्रीय भावनाओं का भी विकास हो। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए किए जा रहे उपायों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उनके करियर काउंसलिंग के साथ—साथ उनके भविष्य को लेकर उनके माता—पिता से भी बातचीत करें। ग्रामीण एवं शहरी मि. हलाओं के कौशल उन्नयन को लेकर ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लाभान्वित महिला स्व सहायता समूह की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लखपति दीदी योजना अंतर्गत हितग्राहियों के बारे में जानकारी ली एवं इस कार्यक्रम को और भी बेहतर ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को और अधिक प्रोत्साहित करते हुए समूह से जुड़ने और उनकी उपलब्धियों को जन—जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि उनसे और अधिक लोग प्रेरणा ले सकें। उन्होंने नशामुक्ति के लिए किए जा रहे कार्यक्रम योग, प्रशिक्षण, काउंसलिंग आदि कार्यक्रम की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए गहन जागरूकता अभियान के साथ उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ने के निर्देश दिए। नशामुक्ति के लिए उन्होंने सीमाओं पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नशा कारोबार के खिलाफ सभी विभागों को समन्वय कर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नशा के विरुद्ध अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इससे बड़ी संख्या में जोड़ने को कहा। वहीं आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत जनजातीय वनवासी क्षेत्रों में छात्रावास, आश्रम, एकलव्य आवासीय विद्यालय, विशेष पिछड़ी जनजाति विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था, खेल सुविधा सहित दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के पश्चात राज्यपाल डेका ग्राम तेंदुडांड पहुंचे, जहां समूह की महिलाओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने बिहान समूह की मि. हलाओं फूलमतिया, दशमतिया और ललिता के द्वारा चलाई जा रही सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ चर्चा करते हुए उनके द्वारा की जा रही आय के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा बिहान समूह की महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे मिल का भी अवलोकन किया, जहां उनके द्वारा चावल, गेहूं आदि की पिसाई के माध्यम से आय अर्जित की जाती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास का अवलोकन किया और हितग्राहियों से चर्चा क

pilkha bhoomi master file copy adds 26 janu to 15 agasht_manish 3/28/2025 3:48 PM Page 2



## संपादकीय एवं लेख

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा जिला जेल सूरजपुर में हुआ संपन्न




संपादक :– मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र

सूरजपुर 24 मार्च 2025 उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया गया। महापरीक्षा अभियान के तहत जिला जेल सूरजपुर में जेल अधीक्षक अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जेल में निरुद्ध कैदी जिन्होंने संचालित साक्षरता केंद्र में अध्ययन किया और उल्लास प्रवेशिका के 7 पाठों का अध्ययन पूर्ण किया था, ऐसे शिक्षार्थियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। इस महापरीक्षा में केंद्राध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, प्रधान पाठक, शा. प्रा. शाला सरईपारा बसदेई तथा पर्यवेक्षक अनिल लकड़ा, मुख्य जेल प्रहरी एवं शांतनु चतुर्वेदी जेल प्रहरी के द्वारा उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। महापरीक्षा का समय 2 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया था। इस महापरीक्षा में 75 कैदियों ने उल्लास के साथ हिस्सा लिया और पढ़ना लिखना और संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा में अपने कौशल का आंकलन इस महापरीक्षा अभियान के माध्यम से किया।

इस महापरीक्षा का निरीक्षण विकासखण्ड परियोजना अधिकारी (साक्षरता) जयराम प्रसाद के द्वारा किया गया। परीक्षा का संचालन गुणवत्तापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण होना पाया गया। जेल अधीक्षक अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कक्षा का संचालन जिला जेल सूरजपुर में नियमित रूप से संचालित होता रहेगा।

## अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को प्रदाय किया गया ट्राय सायकल

संपादक :– मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र



सूरजपुर 24 मार्च 2025 अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल जिला पंचायत अध्य चन्द्रमणी पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजवाडे, देवपाल पैकरा, राजलाल राजवाड़े, जनपद सूर-जपुर उपाध्यक्ष मनमत बछार के द्वारा प्रदाय किया गया है। ग्राम पंचायत–बेलटिकरी, जनपद पंचायत–सूर-जपुर, के मुन्ना राम, आ० बलजीत, एवं ग्राम पंचायत–उमापुर जनपद पंचायत–रामानुजनगर के हुकुम साय, आ० बकस राम ने ट्रायसायकल के लिए समाज कल्याण विभाग विभाग में आवेदन किया था। आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणी पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े के माध्यम से उनके द्वारा मांगे गये उपकरण उपलब्ध कराये गये है। ट्रायसायकल प्राप्त करने के पश्चात आवेदक ने खुशी जाहिर की एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर निगम ने वेस्ट टू वंडर थीम पर बनाया एफिल टावर, सेनेटरी पार्क के सौंदर्यीकरण से आकर्षित हो रहे लोग



अम्बिकापुर नगर निगम पालिक अंबिकापुर द्वारा सेनेटरी पार्क में पुराने एसएलआरएम **SLRM** सेंटर की मरम्मत से निकले कबाड़ लोहे का उपयोग कर विश्व प्रसिद्ध एफिल टावर का निर्माण किया गया है। यह परियोजना वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित है, जिसमें बेकार पड़ी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग कर उन्हें आकर्षक स्वरूप दिया गया है।

पार्क को और अधिक सुंदर बनाने के लिए पुराने टायर, बोतलें, साइकिल रिंग आदि का भी प्रयोग किया गया है। इस पहल का उद्देश्य न केवल कचरे के पुनः उपयोग को बढ़ावा देना है, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक का संदेश देना है।

नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि डीके कश्यप ने बताया कि इस तरह की पहल से शहर में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और लोग इस अद्भुत कला को देखने के लिए प्रेरित होंगे। वहीं शहरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने इस प्रयास की सराहना की और इसे स्वच्छता एवं नवाचार की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

## राष्ट्रीय जल मिशन अतंर्गत नव निर्वाचित संरप-चो को कराया गया शपथ ग्रहण



सूरजपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश नन्दनी साहू के मार्गदर्शन एवं उप संचालक पंचायत के निर्देशानुसार, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सूरजपुर में नवनिर्वाचित सरपंचों का उन्मुखीकरण परिचयात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान संकाय सदस्य श्री निरोज सिंह के द्वारा नव-निर्वाचित सरपंचों का राष्ट्रीय जल जीवन मिशन का ''कैच द रैन'' अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में अवगत कराया गया है कि जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत ''जल संचय जन भागीदारी– जन जागरूकता की ओर'' एवं ''जल जंगल एक प्रकृति अभियान'' का आरंभ 22 मार्च से 30 नवम्बर 2025 तक चलाया जाना है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, जल निकायों का जियो टैगिंग, वैज्ञानिक संरक्षण योजनाएं तथा सभी जनपद पंचायतों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना जागरूकता अभियान आदि सम्मिलित है। इस संबंध में राष्ट्रीय जल मिशन पर निर्वाचित सरपंचों का शपथ ग्रहण कराया गया। हम सब मिलकर जल आंदोलन को जन आन्दोलन बनाने की बात कही गयी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में बौद्धिक चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन




अंबिकापुर, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन विविध गतिविधियों और बौद्धिक चर्चाओं के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, केशवपुर में निदेशक डॉ. नीता बाजपेयी, संयोजक डॉ. एस.एन. पाण्डेय एवं सह–संयोजक श्रद्धा मिश्रा के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रातः कालीन योग, प्राणायाम और पीटी से हुई, जिससे स्वयंसेवकों को दिनभर ऊर्जावान बनाए रखने में सहायता मिली। इसके पश्चात नाश्ते के उपरांत स्वयंसेवकों ने खेल मैदान निर्माण एवं महाविद्यालय परिसर की सफाई जैसे महत्वपूर्ण परियोजना कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

### बौद्धिक सत्र में मिली प्रेरणादायक सीख

बौद्धिक परिचर्चा सत्र के लिए स्वयंसेवक सभा कक्ष में एकत्रित हुए, जहां संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं जिला प्रचारक सरगुजा जितेंद्र शर्मा बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। सत्र का शुभारंभ मां भारती, छत्तीसगढ़ मैया एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और लक्ष्य गीत से हुआ।

डॉ. त्रिपाठी ने भारत के विकास में ग्रामीणों की भूमिका को रेखांकित करते हुए गोबर खाद की महत्ता, गंगा जल की शुद्धता, गाय के महत्व एवं गायत्री मंत्र के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत के सतत विकास में सहायक हैं और उनकी पारंपरिक कृषि पद्धतियां पर्यावरण अनुकूल एवं स्वास्थ्यवर्धक हैं। जिला प्रचारक जितेंद्र शर्मा ने "2047 का भारत कैसा होगा?" विषय पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक युवा को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्होंने भारत को "विश्व गुरु" बनाने की दिशा में प्रत्येक नागरिक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर हुआ शाम का सत्र

शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए स्वयंसेवकों ने पारंपरिक नृत्य, नृत्य–नाटिका, गीत एवं संगीत प्रस्तुत कर मना-रंजन का समां बांध दिया। इस कार्यक्रम में जिला संगठक प्रो. खेमकरण अहिरवार, कार्यक्रम अधिकारी विनितेश गुप्त, देवेंद्र दास सोनवानी, राकेश राय, रीता गिरी, सुनील चक्रधारी सहित अन्य अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चौत्र नवरात्रि एवं कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियों को लेकर मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष ने ली बैठक

### –आयोजन के सफल संपादन हेतु संबंधितो को दिये आवश्यक दिशा निर्देश










पिलखाभूमि समाचार पत्र

सूरजपुर 26 मार्च 2025 मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ में चौत्र नवरात्रि एवं कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियों व व्यवस्था के संबंध में पूर्व गृह मंत्री व ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु उपस्थित संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। उन्होने अधिकारी–कर्मचारी व आजीवन सदस्यों को मेला व महोत्सव में सौपें गये दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करने की बात कही। मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन (प्रस्तावित) और महोत्सव की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम के पूर्व महोत्सव स्थल, मेला स्थल व हेलीपैड का निरीक्षण कर सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के अंदर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इस इस बात पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। मीडिया संवाद एवं मीडिया प्रबंधन समिति हुआ गठन – ट्रस्ट व महोत्सव में मीडिया ब्रीफ हेतु प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व वेब मीडिया को फोटो व प्रेस नोट प्रेषित करने अथवा बताने के लिए ट्रस्ट की बैठक में सर्वानुमति से मीडिया के क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्य करने वाले 14 आजीवन सदस्यों को जोड़कर एक मीडिया संवाद एवं मीडिया प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। जिसमें ओंकार पांडेय , सुनील कुमार अग्रवाल, प्रवेश गोयल, बलराम सोनी, प्रदीप नारायण द्विवेदी, आशीष प्रताप सिंह, संस्कार अग्रवाल, दानी पांडेय, अरुण सिंह, संतोष सिंह, शशांक सिंह, लव कुमार दुबे, प्रियांशु यादव, मोहन राजवाड़े को यह जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इस दौरान बैठक में पूर्व मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, बाबूलाल अग्रवाल चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, वरिष्ठ आजी. सदस्य, भीमसेन अग्रवाल, सुभाष गोयल, सुरेश गोयल, ओंकार पांडेय वाइस चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आजी.सदस्य रा-जेश तिवारी, बलराम सोनी, राकेश पांडेय, संस्कार अग्रवाल, आशीष प्रताप सिंह, दानी पांडेय, लोकेश गुर्जर, सिद्धार्थ सिंह बघेल, अभय सिंह, अमन प्रताप सिंह, अभय गुप्ता, प्रशांत अग-वाल, संजय यादव, हेमंत गुर्जर, हिमेंद्र गुर्जर, रंजन सोनी सहित जिला कलेक्टर एस. जयवर्धन, जिला सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, डीएफओ कमल पंकज, एसडीएम सागर राज सिंह, एसडीओ-पी, तहसीलदार, रेंजर इत्यादि व ट्रस्ट के आजीवन सदस्यगण उप-स्थित रहे।

## विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का हुआ समापन




संपादक :– मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र

सूरजपुर 26 मार्च 2025 भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 का आयोजन देशभर के 300 से अधिक जिलों में किया जा रहा है। जिसमें वन वोट वन नेशन विषय पर आज शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में इस भव्य आयोजन का दो दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें अलग अलग जिलों से चुन कर युवा प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में अथिति के रूप में माननीय कुलपति संत गहीरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर सरगुजा प्रोफेसर पी पी सिंह, चंद्रमणि पैकरा अध्यक्ष जिला पंचायत सूरजपुर भीमसेन गोयल भूतपूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम बा-बूलाल अग्रवाल अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी सूरजपुर स्वाति सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजपुर अशोक सिंह ज्यूरी मेंबर शैलेश गोयल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सूरजपुर शशिकांत गर्ग एवं श्री यशवंत सिंह जन भागीदारी अध्यक्ष सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच एन दुबे शामिल रहे। इस कार्यक्रम में तीन जिलों, सूरजपुर, कोरिया एवं मनेद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर से चयनित युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और ष्एक राष्ट्र, एक चुनावरू विकसित भारत का मार्ग प्रशस्तष् विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। युवा संसद महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में लो-कतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना, उनकी सोच को राष्ट्रहित की दिशा में प्रेरित करना और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सु-निश्चित करना है।

इस कार्यक्रम हेतु माय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करने वाले तीनों जिलों के 18 से 25 वर्ष की आयु के 110 युवाओं में से स्क्रूटनी कमेटी द्वारा 85 योग्य प्रतिभागियों का चयन कर इन्हें जिला स्तरीय महोत्सव में अपना विषय प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया इन युवाओं को निर्धारित विषय पर अपना मत व्यक्त करने के लिए 3 मिनट का समय दिया गया तथा प्रतिभागियों का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा 6 बिंदुओं के आधार पर किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर 10 युवाओं का चयन राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद हेतु किया गया। चयनित युवाओं में बुशरा फातिमा सिद्दीकी प्रीति सिंह साक्षी सिंह साक्षी गुप्ता, उपासना गोयन, आशुतोष भारती, आयशा खातून, हिमांशु मानिकपुरी, डी एन सिंह तथा रिया पैकरा शामिल हैं। इनके अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची में आईफा खातून, सृष्टि गुर्जर एवं विकास खटीक को स्थान मिला है।

ये युवा राज्य की विधानसभा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

निर्णायक मंडल में शैलेश गोयल उपाध्यक्ष नगर पालिका सूरजपुर, जगन्नाथ वर्मा अपर कलेक्टर सूरजपुर, अशोक सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, बृजलाल साहू प्राचार्य शास. कन्या महाविद्यालय एवं डॉ अखिलेश द्विवेदी शिक्षाविद सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह निर्णायक मंडल के कर कमलों से प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अतिथि शिक्षकों एवं स्टाफ का सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ एच एन दुबे, नोडल अधिकारी चन्द्र भूषण मिश्र एवं निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों को आगामी चरण हेतु शुभकामनाएं दी गई हैं।

pilkha bhoomi master file copy adds 26 janu to 15 agasht_manish 3/28/2025 3:48 PM Page 3



## नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को वर्चुअल मोड के माध्यम से भी प्रकरणों का निपटारा किया जायेगा

पिलखाभूमि समाचार पत्र



**अंबिकापुर** 06 मार्च 2025 नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबिकापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के लिए 9 खंडपीठ का गठन किया गया है। जिसमे से खंडपीठ क्रमांक 1 के०एल०चरयाणी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर की है तथा खंडपीठ क्रमांक 2 उर्मिला गुप्ता चेयरमैन स्थाई लोक अदालत की है। खण्डपीठ क्रमांक 3 ममता पटेल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर की है। खण्डपीठ क्रमांक 4 मोनिका जायसवाल, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर की है। खण्डपीठ क्रमांक 5 सुमित कपूर पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ,श्रम न्यायाधीश अम्बिकापुर की है। खंडपीठ क्रमांक 6 सुमित कुमार हर्षयाना मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अम्बिक. ापुर की है। खंडपीठ क्रमांक 7 बरखा रानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ६ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–1 अम्बिकापुर ६ किशोर न्याय बोर्ड, अंबिकापुर की है। खंडपीठ क्रमांक 8 अरिन्दम नेरल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ६ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 अम्बिकापुर की है। खंडपीठ क्रमांक 9 सुश्री प्रांजलि नेताम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणीध व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 अम्बिकापुर की है। तालुक विधिक सेवा समिति सीतापुर में एक खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत हेतु राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठ का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त लोक अदालत में वर्चुअल मोड के माध्यम से भी प्रकरणों का निपटारा किया जायेगा जिसमें दूर–दराज के लोग उक्त माध्यम से जुड़कर अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकेगें।

## बतौली, लोसगा एवं ग्राम वंदना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**अम्बिकापुर** 06 मार्च 2025 महिला संरक्षण एवं सशक्तिकरण की दिशा में स्थानीय जन सामान्य को महत्वपूर्ण विषयों में उन्नमुखीकरण अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में एवं जिला कार्यकम अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम बतौली, लोसगा एवं ग्राम वंदना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुलेखा कश्यप द्वारा घरेलू हिंसा, महिलाओं के कानून एवं महिला शक्तिकरण योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृवंदना, महिला हेल्पलाईन नम्बर के संबंध में जानकारी दी गई। आई०सी०पी०एस० के टीम द्वारा मिशन वात्सलय, सखी वन स्टॉप के टीम द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर की जानकारी एवं चाईल्ड लाईन द्वारा चाईल्ड लाईन की जानक. ारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में सम्मानीय जनप्रतिनिधी, ग्राम की महिलाएं, मितानिन, आंग. नबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थी।

उल्लेखनीय है कि बाल विकास विभाग मंत्रालय




नवा रायपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सभा का आयोजन ग्राम पंचायत, ग्रामों, आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर कार्यकमों का आयोजन किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुये है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मि. हलाओं के संवैधानिक वैधानिक अधिकारो के प्रति प्रतिबद्धता, उनके समानता के अधिकारो को स्थापित करने महिलाओं के खिलाफ होने वाले हिंसा का विरोध तथा महिला सशक्तिकरण की योजनाओं का प्रचार–प्रसार है।

## रोजगार से समृद्धि की ओर, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से जगदीश गुप्ता बने सफल उद्यमी, 10 लोगों को दिया रोजगार



पिलखाभूमि समाचार पत्र

**अंबिकापुर** 06 मार्च 2025 सरकार द्वारा सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेकर कई युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है जगदीश गुप्ता की, जिन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त कर अपना बेकरी व्यवसाय सफलताप. ूर्वक स्थापित किया और अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सफल र ह ॅ ।

### लकड़ी के भट्ठे से आधुनिक मशीन तक का सफर


अम्बिकापुर के मायापुर में रहने वाले जगदीश गुप्ता बताते हैं कि उन्होंने अपने बेकरी व्यवसाय की शुरुआत एक साधारण लकड़ी के भट्ठे से की थी, पारंपरिक तरीके से काम करने में अधिक समय और मेहनत लग रहा था। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने व्यवसाय का विस्तार नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में इन्टरनेट के माध्यम से जानकारी मिली । उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय से संपर्क किया और योजना की विस्तृत जानकारी लेने के बाद उन्होंने योजना अंतर्गत 10 लाख रुपये का लोन लेकर अपने बेकरी व्यवसाय को आधुनिक रूप देने के लिए नई मशीनें खरीदीं। जिससे उत्पादन में तेजी आई और व्यापार में वृद्धि हुई। आज उन्होंने अपने बेकरी उद्योग में 10 लोग को रोजगार दिया हैं।

### पीएमईजीपी के तहत मिला 10 फीसदी अनुदान

जगदीश गुप्ता बताते हैं कि उनका व्यवसाय अब मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। बेकरी संचालन से सालाना तीन से साढ़े तीन लाख रुपये तक की बचत हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत उन्हें लोन पर 15 प्रतिशत का अनुदान मिला, जिससे उनकी आर्थिक बोझ कम हुआ। जिससे उन्हा. ेने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिली। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही है। जगदीश गुप्ता जैसे सफल उद्यमी लोगों को प्रेरित करने के साथ–साथ छोटे उद्योगों की स्थापना कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं।

## महापौर ने पेयजल आपूर्ति पूर्ण करने अधिकारियों के साथ पानी टंकी का किया निरीक्षण





पिलखाभूमि समाचार पत्र

**एमसीबी** 18 मार्च 2025 ग्रीष्मकाल में पानी की कमी और जल आपूर्ति व्यवस्था पर्याप्त करने विगत दिवस नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय ने नगर निगम के सभापति संतोष सिंह और एमआईसी सदस्यों के साथ नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 केराडोल पानी टंकी का निरीक्षण कर पूरे परिसर का अवलोकन किया। महापौर ने स्वयं सीढ़ी में चढ़कर पानी टंकी के पूरे परिसर को देखा। ज्ञात हो कि पीएचई के पाइप लाइन का कनेक्शन केराडोल के वार्ड क्रमांक–01 के पानी टंकी तक गया है और गर्मी के मौसम में पानी का प्रेशर कम हो जाता है। पीएचई से पानी पर्याप्त मात्रा में न मिलने के कारण वार्ड वासियों को ग्रीष्म काल में पेयजल सहित निस्तारण हेतु जल की उपलब्धता में काफी कठिनाइयां होती है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने स्वयं निगम के जल विभाग के अधिकारियों के साथ समस्याओं से रूबरू हुए, महापौर ने पानी टंकी के अवलोकन करने के बाद उसके मरम्मत हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने ट्यूबवेल के मरम्मत के लिए भी जल शाखा के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की अच्छी व्यवस्था शहरवासियों को देना नगर निगम का मौलिक दायित्व होता है। सभी इसका अच्छे तरीके से निर्वहन करें, जिससे क्षेत्र के आम जनमानस को सुगम पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान नगर निगम के एमआईसी सदस्य नरेंद्र साहू, राम अवतार, नगर निगम के सहायक अभियंता विजय बधावन मौजूद रहे।

## विशेष लेख रू जिले का अनोखा घाघरा मंदिर बिना जोड़ वाली पत्थरों की बना है रहस्यमयी संरचना

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**एमसीबी** 07 मार्च 2025 छत्तीसगढ़ के मन. ेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में स्थित घाघरा मंदिर ऐतिहासिक और रहस्यमयी धरोहरों में से एक है। यह मंदिर जिले के मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से लगभग 130 किलोम. ीटर की दूरी पर स्थित है और जनकपुर के पास घाघरा ग्राम में स्थित है। मंदिर की विशेषता यह है कि इसका निर्माण बिना किसी जोड़ने वाली सामग्री के, केवल पत. थरों को संतुलित करके किया गया है। यह अपने अनोखे निर्माण और झुकी हुई संरचना के कारण रहस्य और कौतूहल का केंद्र बना हुआ है।



बिना किसी जोड़ के पत्थरों से निर्मित यह मंदिर अद्भुत स्थापत्य कला का उदाहरण.. घाघरा मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस मंदिर में पत्थरों को जोड़ने के लिए किसी भी प्रकार की गारा–मिट्टी, चूना या किसी अन्य पदार्थ का प्रयोग नहीं किया गया है। केवल पत्थरों को सही संतुलन के साथ रखकर इस भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। यह तकनीक प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला और इंजीनियरिंग कौशल को दर्शाती है। इतना ही नहीं इस मंदिर का झुकाव भी इसे और अधिक रहस्यमयी बनाता है। इतिहासकारों और विशेषज्ञों का मानना है कि यह मंदिर किसी भूगर्भीय हलचल या भूकंप के कारण झुक गया होगा। हालांकि, सदियों पुराना यह मंदिर आज भी मजबूती से खड़ा है, जो इसकी निर्माण शैली की उत्कृष्टता को दर्शाता है। मंदिर के निर्माण काल को लेकर इतिहासक. ारों में मतभेद हैं। कुछ इतिहासकार इसे 10वीं शताब्दी का मंदिर मानते हैं, जबकि कुछ इसे बौद्ध कालीन मंदिर बताते हैं। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि यह एक प्राचीन शिव मंदिर है, जहां आज भी विशेष अवसरों पर पूजा–अर्चना की जाती है। मंदिर के भीतर किसी मूर्ति का न होना भी इसे और रहस्यमयी बनाता है। स्थानीय जन. श्रुतियों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण उस समय की अद्भुत वास्तुकला और तकनीकी कौशल का प्रमाण है। कई शोधकर्ताओं का मानना है कि यह मंदिर बौद्ध काल की किसी विशेष शैली में बनाया गया होगा, लेकिन धीरे–धीरे यह हिंदू परंपरा में समाहित हो गया। घाघरा मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि यह छत्तीसगढ़ के संस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। इस मंदिर को देखने के लिए दूर–दूर से पर्यटक और शोधकर्ता आते हैं। मंदिर की रहस्यमयी सं. रचना और इसके झुके होने की वजह से यह पुरातत्वविदों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। घाघरा मंदिर भारतीय स्थापत्य कला की उस उन्नत तकनीक का उदाहरण है, जो बिना किसी आधुनिक संसाधनों के भी इतनी मजबूत और संतुलित संरचनाएं बनाने में सक्षम थी। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों में इस मंदिर को उचित पहचान मिलने से यह क्षेत्र ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता ह ै ।

श्रद्धालु कैसे पहुंचे घाघरा मंदिर?.. घाघरा मंदिर जाने के लिए सबसे नजदीकी प्रमुख कस्बा जनकपुर है। यहाँ से घाघरा गाँव तक आसानी से पहुँचा जा सकता है। यदि आप मनेंद्रगढ़ से यात्रा कर रहे हैं, तो मंदिर तक पहुंचने में लगभग 130 किलोम. ीटर की दूरी तय करनी होगी। सड़क मार्ग से यह स्थान आसानी से पहुँचा जा सकता है, और यात्रा के दौरान आप छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद ले सकते हैं।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से 109 बच्चों को मिला स्वस्थ जीवन




जिला संवाददाता–समृद्ध मंडल

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**बलरामपुर,** 17 मार्च 2025 जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (त्ठैझ) एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रहा है। योजना के तहत जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देकर उनके जीवन को बेहतर बनाया जा रहा है।कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों तक भी यह सुविधा पहुंचाई जा रही है, जिससे वे महंगी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर हुए बिना निशुल्क उपचार प्राप्त कर पा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 109 बच्चों को राज्य के उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया गया है। इनमें 74 बच्चे जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित,8 बच्चे जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित,8 बच्चे जन्मजात बहिरता (सुनने की समस्या) से प्रभावित, 9 बच्चे जन्मजात विकृति (शारीरिक असमानता) से पीड़ित, 10 बच्चे कटे होंठ व कटे तालू की समस्या से ग्रसित थे। जिनका का सफल उपचार कर उन्हें स्वस्थ जीवन प्रदान किया गया है। जिले के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। पहले जहां गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बच्चों को बड़े शहरों तक ले जाना पड़ता था, अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा रही है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नवजात से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार निरूशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाती है। वर्तमान में जिले में 14 आरबीएसके दल और 6 विकासखंडों में टीमें सक्रिय हैं, जो स्कूलों और आंग. नबाड़ियों में जाकर बच्चों की स्क्रीनिंग कर रही हैं और जरूरतमंद बच्चों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करा रही हैं।

## होली पर्व पर 14 मार्च को शुष्क दिवस, शराब बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**कोरिया** 12 मार्च 2025 होली पर्व के मद्देनजर कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने जिले में 14 मार्च 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया है। यह निर्णय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के तहत लिया गया है।

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 (1) के तहत जिले में संचालित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, कम्पोजिट दुकानें, एफ.एल.3(ग) (पर्यटन बार) और एफ.एल.4(क) (व्यवसायिक क्लब) को इस दिन पूरी तरह बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन



सुनिश्चित किया जाए। आदेश के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का संव्यवहार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पहाड़ी कोरवा महिलाओं को सरकार की योजनाओं से मिला आत्मनिर्भरता का नया आयाम

### सैंट्रिंग प्लेट के व्यवसाय से बना रहीं हैं समूह की महिलाएं अपनी पहचान रहन–सहन एवं व्यवहारिक जीवन में आ रहा परिवर्तन



पिलखाभूमि समाचार पत्र

**अम्बिकापुर** 18 मार्च 2025 छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति की पहाड़ी कोरवा महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही हैं। कभी घर से बाहर न निकलने वाली ये महिलाएं आज स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सैंटरिंग प्लेट के व्यवसाय से अच्छी आमदनी कमा रही हैं।

### बिहान योजना ने बदली जिंदगी

अंबिकापुर विकासखंड के मलंगवा खुर्द गांव की महिलाएं पहले जागरूकता के अभाव में केवल घरेलू कामों तक ही सीमित थीं। लेकिन साल 2014 में बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती संगीता पहाड़ी कोरवा बताती हैं कि उन्होंने पहले बकरी और मुर्गी पालन शुरू किया, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। धीरे–धीरे बचत की आदत से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया।

### सैंटरिंग प्लेट व्यवसाय से बढ़ी आमदनी

लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की सचिव श्रीमती सुशीला पहाड़ी कोरवा ने बताया कि सितंबर 2024 में समूह ने 90 हजार रुपये का लोन लेकर सैंटि. रंग प्लेट का व्यवसाय शुरू किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव में बनाए जा रहे पक्के मकानों के लिए एडवांस बुकिंग मिलने से उन्हें अच्छा मुनाफा हो रहा है। पिछले छह–सात महीनों में समूह की महिलाओं ने 30 से 40 हजार रुपये की कमाई की है, जिससे लोन भी पट रहा है और रोजगार भी मिल गया है।

### शासन की योजनाओं से मिल रहा संबल

प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। संगीता और सुशीला बतातीं हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने उनके खाते में राशि आ जाती है, जिससे छोटी–मोटी जरूरतें पूरी हो जाती हैं। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने से रहने की समस्या भी दूर हो गई है।

पहले छोटी–छोटी जरूरतों के लिए संघर्ष करने वाली ये महिलाएं आज आत्मनिर्भर और सशक्त हैं। सरकार की योजनाओं से इन्हें रोटी, कपड़ा और मकान की सुविधाएं मिली हैं, जिससे इनका जीवन स्तर सुधर रहा है। पहाड़ी कोरवा महिलाओं ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का आभार जताया है। अब पहाड़ी कोरवा समूह की महिलाएं से अन्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

## कक्षा 8वीं का बोर्ड परीक्षा विषय गणित के पेपर से हुआ आगाज

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**सूरजपुर** 18 मार्च 2025 जिला सूरजपुर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों का केन्द्रीकृत वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 सी.जी बोर्ड हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, इग्नाईट अंग्रेजी माध्यम सी.बी. एस ई पाठ्यक्रम स्कूलों एवं मदरसा बोर्ड स्कूलों में आज विषय–गणित की परीक्षा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के सफल मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम तैयार किया गया है जिसके नोडल अधिकारी के रूप में डी.एस. लकड़ा (प्राचार्य) को नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा सूरजपुर जिले में कुल परीक्षा केन्द्र–165 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या–3641 में 3594–उपस्थित एव 47– अनुप. स्थित रहे, विकास खण्ड–रामानुजनगर के कुल परीक्षा केन्द्र–112 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या–2090 में 2043–उपस्थित एवं 47–अनुप. स्थित रहे विकास खण्ड–प्रेमनगर में कुल परीक्षा केन्द्र 69 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या–1253 में



1237 उपस्थित एवं 16–अनुपस्थित रहे विकास खण्ड–भैयाथान के कुल परीक्षा केन्द्र–109 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या–2063 में 2041–उपस्थित एव 22–अनुपस्थित रहे. विकास खण्ड–ओड़गी के कुल परीक्षा केन्द्र 96 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या–1810 में 1761–उपस्थित एवं 49 अनुप. स्थित रहे, विकास खण्ड–प्रतापपुर के कुल परीक्षा केन्द्र–130 में दर्ज परीक्षार्थियों की सख्या–2564 में 2537–उपस्थित एवं 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला सूरजपुर में कुल 681 परीक्षा केन्द्रों में कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या–13421 में 13213–उपस्थित एवं 208 अनुपस्थित रहे। जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित हुई।

pilkha bhoomi master file copy adds 26 janu to 15 agasht_manish 3/28/2025 3:48 PM Page 4



## विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत संचालित निजी यात्री वाहनों में दिव्यांगों को किराये में छूट की सुविधा को लेकर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने आज विधानसभा में लगाया प्रश्न,,,

संपादक :– मनीष वैद्य

पिलखाभूमि समाचार पत्र







**रायपुर** 21.03.2025सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा मान्यताप्राप्त निजी बसों का संचालन किया जा रहा है,,इस बसों का संचालन यात्रियों को परिवहन की सुगम व्यवस्था प्रदान करने हेतु किया जा रहा है,,क्या इन यात्री निजी बसों में यात्रियों को समुचित सुविधा मिल रही है,क्या दिव्याग जनों को यात्री किराया में छूट के लाभ मिल रहा है जिसको लेकर आज सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो जी ने विधानसभा सत्र में अपना प्रश्न रखा,,जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पूछा कि विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत संचालित कितने निजी यात्री वाहनों में दृष्टिहीन दिव्यांग,मानसिकनिःशक्तजन,एच.आई.व्ही. से पीड़ति व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके एक सहयोगी को यात्री किराये में शत–प्रतिशत छूट प्रदान की गयी है? अगर नहीं दी गयी है तो योजना का लाभ कब तक दिया जायेगा जिसपर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जवाब आया कि विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ 5–7.आठ–परि. 2021, दिनांक 30 सितम्बर 2021 के तहत छूट प्रदाय की गई है। जिसमें आप के प्रश्न में वर्णित लोगों को लाभ दिया गया है और इसके अलावा इस विषय पर कोई भी प्रश्न नहीं उठता है,,,आप को बता दें कि सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो अपने विधानसभा क्षेत्र की हर महत्वपूर्ण जनता से जुड़ी हुई समस्याओं को सत्र के दौरान विधानसभा में रख रहे हैं,और शासन का ध्यानाकर्षण इन समस्याओं पर कर रहे हैं,,ताकि शासन इन विषयों पर गंभीरता से विचार कर,उसका समाधान करे,,अपनी जन हितैषी सोच एवंजनता को सुविधा दिलाने के लिए विधायक महोदय हमेशा प्रयासरत रहते हैं,,,

## बिरकोनी के औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण टीम की दबिश

पिलखाभूमि समाचार पत्र

**महासमुंद** 22 मार्च 2025 कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 21 मार्च को औद्योगिक क्षेत्र स्थित तुलसी फॉस्फेट लिमिटेड, शुभम आर्गे. निक फैक्ट्री बिरकोनी जिला महासमुंद का श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र एवं जिला खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह, नाप तौल निरीक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं पर्यावरण विभाग से जितेन्द्र सिंह जूनियर सांईटिस्ट द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। प्लांट की ओपनिंग 20 मार्च को होना बताया गया एवं प्लांट अभी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग की ओर से पावर प्लांट में उपयोग होने वाली खनिज राक फास्फेट जो की प्लांट के परिसर में डंप था के संबंध में वैद्य दस्तावेज के साथ खनिज विभाग के विभागीय पोर्टल में परिवहन करने हेतु निद. ेशित किया गया। विधिक मापविज्ञान विभाग की ओर से निरीक्षण के दौरान तौल उपकरण व धर्मकांटे के सत्यापन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही तौल यंत्र की जांच हेतु बाट रखने एवं समय में तौल यंत्रों के सत्यापन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। पर्यावरण विभाग से कोई उल्लंघन होना नहीं पाया गया। श्रम विभाग द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, अंतर्गत प्रमुख नियोजक एवं नियोजित ठेकेदारों का एक माह के भीतर अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। छ०ग० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत भी अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया एवं कार्यरत कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित दर से वेतन भुगतान कराने हेतु निर्देशित किया गया। पश्चात औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी स्थित शुभम आर्गेनिक प्लांट का गठित द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर प्लांट में उपस्थित चौकीदार द्वारा प्लांट विगत 04 माह से बंद होना बताया गया। फैक्ट्री बंद की सूचना श्रम विभाग को नहीं दिया गया है। इस बाबत् फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया खिलाड़ियों का सम्मान, कहा ”आपने छत्तीसगढ़ का सिर गर्व से ऊंचा किया“

बस्तर में अमन लौटा, और साथ लौटी खेलों की रौनक, जहां कभी डरते थे पांव भी रखने से, आज वहीं खेलते हैं हजारों खिलाड़ीरू मुख्यमंत्री 130 खिलाड़ियों को 1 करोड़ 95 लाख 20 हजार रूपए की सम्मान राशि उनके बैंक खाते में अंतरित

पिलखाभूमि समाचार पत्र




**रायपुर**, 21 मार्च 2025 आप सभी ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और जुनून से छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। ये सिर्फ आपकी नहीं, पूरे प्रदेश की जीत है। आप प्रदेश के खेल जगत के हीरे हैं। सरकार आपको तराशेगी, निखारेगी और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएगी। आपके लिए हर संभव संसाधन और समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित राष्ट्रीय खेल विजेता सम्मान समारोह में गोवा और उत्तराखंड नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने समारोह में गोवा में वर्ष 2023 में सम्पन्न 37वें नेशनल गेम में छत्तीसगढ़ के पदक विजेता 72 खिलाड़ियों को और वर्ष 2025 में उतराखंड में सम्पन्न 38 वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ पदक विजेता 58 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री साय ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आप सभी छत्तीसगढ़ के गौरव है। आपने न सिर्फ पदक जीते हैं, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। आप सभी ने छत्तीसगढ़ का सर गर्व से ऊंचा किया है। मुख्यमंत्री साय ने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अब एशियाड, कॉमनवेल्थ और ओलंपिक जैसे वै. श्विक मंचों पर छत्तीसगढ़ और भारत का नाम रोशन करें।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि आज गोवा और उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स विजेता खिलाड़ियों का सम्मान कर हम सब बहुत गौरव का अनुभव कर रहे हैं। आप सभी ने अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है इसके लिए आप सभी की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम लोगों ने गोवा में पदक जीतने वाले राज्य के 72 खिलाड़ियों को 1 करोड़ 7 लाख 60 हजार रुपए की राशि एवं उत्तराखंड में नेशनल गेम्स जीतने वाले 58 खिलाड़ियों को 87 लाख 60 हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया है। इस प्रकार समारोह के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 130 राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को कुल 1 करोड़ 95 लाख 20 हजार रुपए की सम्मान राशि हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के खाते में अंतरित की जा रही है।

**ओलंपिक विजेता खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कारों की हमारी सरकार ने की है घोषणा**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश के जो भी खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में पदक लाएंगे, उनके लिए विशेष पुरस्कारों की घोषणा हमारी सरकार ने की है। ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दो करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए देने का निर्णय हमारी सरकार ने किया है।

**बस्तर क्षेत्र में खेलों की वापसी, नई आशा और विश्वास का प्रतीक...**मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बरसों तक माओवादी आतंक झेलने के बाद जब बस्तर में अमन लौटा तो खेल भी लौटा, वहां हमने बस्तर ओलंपिक का आयोजन कराया। उन्होंने कहा कि जहां कभी पांव भी रखने से लोग डरते थे, आज वहीं हजारों खिलाड़ी खेल रहे हैं। लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखा, पूरे देश में कम ही हुआ होगा कि किसी खेल आयोजन में 1 लाख 65 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और वह भी ऐसा आयोजन जो बस्तर संभाग में हुआ जहां की आबादी शेष जगहों की तुलना में काफी विरल है। इसमें ऐसे लोगों ने भी हिस्सा लिया, जो नक्सल हिंसा में अपने अंग गंवा चुके थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी हिस्सा लिया। नक्सल हिंसा प्रभावित परिवारों ने भी हिस्सा लिया। इस आयोजन से प्रदेश के खेलप्रेमियों की उम्मीदें काफी बढ़ी हैं।

**खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराने सरकार कर रही प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों में काफी दमखम है। हम छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए शानदार अधोसंरचना तैयार कर रहे हैं। खेलो इंडिया के 7 नये सेंटर हमने आरंभ किये हैं। छत्तीसगढ़ में हर तरह की खेल प्रतिभाएं हैं। हमने इसे ध्यान में रखते हुए अलग–अलग तरह के खेलों के लिए कोचिंग की विशेष व्यवस्था की है। इसी साल हमने तीन नई अक. ादमी की शुरूआत की है। रायपुर में टेनिस, रा. जनांदगांव में हाकी और नारायणपुर में मल्लखंभ अकादमी हमने आरंभ की है।

**परंपरागत खेलों को मिलेगा नया जीवनरू 20 करोड़ रूपए की छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना**मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने परंपरागत खेलों के लिए भी प्रसिद्ध है। इन खेलों का समुचित विकास होता रहे, इसके लिए हमने 20 करोड़ रुपए का प्रावधान छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना के तहत किया है। हमारी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**खेलों में जीत के लिए कुशल रणनीति, तकनीक में महारत के साथ ही फिटनेस बहुत जरूरी...**मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुछ दिनों पहले हमने मल्लखंभ के खिलाड़ियों का ढोलकल की पहाड़ियों पर अद्भुत करतब देखा, यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य था। मल्लखंभ या किसी भी तरह के खेल के लिए लचीलापन बहुत जरूरी होता है और यह सब फिटनेस से आता है। खेलों में जीतने के लिए कुशल रणनीति, तकनीक में महारत के साथ ही एक अच्छे लेवल का फिटनेस भी बहुत जरूरी है। मोदी जी ने फिट इंडिया मूवमेंट चलाया है। फिटनेस के माध्यम से खेलों में तो सफलता हासिल की ही जा सकती है। फिट रहने से आप एक हेल्दी लाइफ स्टाईल भी जीते हैं जिससे कोई भी कार्य आप करें, उसमें आपको सफलता मिलती है।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं में अपार खेल प्रतिभा है। जिसे पहचान कर तराशना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर खेल विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक तनुजा सलाम, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया उप. स्थित थे।

## आई आई एम परिसर में भारतीय प्रबंध संस्थान द्वारा आयोजित पब्लिक लीडरशिप कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो,,,



पिलखाभूमि समाचार पत्र

22 मार्च 2025 आई आई एम परिसर नवा रायपुर में भारतीय प्रबंध संस्थान के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की विधानसभा सदस्यों के लिए पब्लिक लीडरशिप का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया,,उद्घाटन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष माननीय रमन सिंह जी, छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी,नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत जी के साथ समस्त विधायक गण उपस्थित थे,,
यह कार्यकर्म दो दिवसीय है जिसमें सभी विधायकों को पब्लिक लीडरशिप के विषय पर जानकारी प्रदान की जाएगी,,
विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री रमन सिंह जी ने कहा कि जो भी विधानसभा सदस्य हैं वह अपने विधानसभा क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए काम करते हैं,उनसे मिलते हैं,उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं,,
यहां काफी अनुभवी लीडर के साथ नए लीडर भी हैं,,
हमें समाज के हितों के लिए काम करना है
पुराने लीडरों के अनुभव से हमें
बहुत कुछ सीखने को मिलेगा ,,
इस लिए इस पब्लिक लीडरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो जी भी पहुंचे हुए थे,,और पब्लिक लीडरशिप कार्यक्रम में सम्मिलित हुए,,और विधानसभा सदस्यों के साथ मिलकर पब्लिक लीडरशिप कार्यक्रम का हिस्सा बने,,,

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निवास पहुंचकर की उनसे मुलाकात

पिलखाभूमि समाचार पत्र



**रायपुर** 23 मार्च 2025 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान की घोषणा पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्री विनोद कुमार शुक्ल से कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री साय ने सभी प्रदेशवासियों की तरफ से श्री शुक्ल का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल–श्रीफल तथा बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह नंदी भेंट किया। मुख्यमंत्री साय ने विनोद कुमार शुक्ल से कहा कि साहित्य के क्षेत्र में आपके विशिष्ट योगदान पर आपको देश का सबसे प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ सम्मान दिए जाने की घोषणा से पूरा प्रदेश गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज खुशी के इस पल में आपसे भेंट करने का मुझे अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने विनोद कुमार शुक्ल का कुशल क्षेम पूछते हुए उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आप राजनांदगांव के रहने वाले हैं। रा. जनांदगांव छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी है। वहां गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ० पद ुमलाल पुन्नालाल बख्शी और बलदेव प्रसाद मिश्र जैसे साहित्यकारों ने अपनी साहित्य साधना की है।

मुख्यमंत्री द्वारा राजनांदगांव का जिक्र किये जाने पर शुक्ल ने अपने बचपन के नांदगांव की स्मृतियां उनके साथ साझा की। श्री शुक्ल ने कहा कि मेरा जन्म राजनांदगांव में हुआ। बचपन का वह नांदगांव आज भी मेरे मन पर छाया हुआ है। मैं आज भी वहां जाता हूँ तो उसी नांदगांव को ढूंढने की कोशिश करता हूं। मगर अब समय के साथ काफी बदलाव आ गया है।

मुख्यमंत्री ने विनोद कुमार शुक्ल के परिवारजनों से भी मुलाकात की और उनका हाल–चाल जाना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिका आलोक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानन्द, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल, रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर तथा विनोद कुमार शुक्ल के परिवारजन सहित अन्य गणमान्यजन उप. स्थित थे।

## मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से वृद्ध बृजेश को मिला नया जीवन

पिलखाभूमि समाचार पत्र



**उत्तर बस्तर कांकेर**, 20 मार्च 2025 जीवन के अंतिम पड़ाव में बुढ़ापे के साथ कई तरह के रोग सिर उठाने लगते हैं। ऐसे में लोगों को अपनी जिन्दगी बचाने के लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। जिले के नरहरपुर के निवासी 66 वर्षीय वृद्ध बृजेश दुबे को डायलिसिस के लिए अब तक 03 लाख 33 हजार 960 रूपए का लाभ मिल चुका है, जो उनके लिए बड़ा सहायक सिद्ध हुआ है। नरहरपुर के वार्ड क्रमांक–12 में रहने वाले दुबे ने बताया कि उनकी दोनो किडनी वर्ष 2022 से फेल हो चुकी है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल जाकर प्रत्येक सप्ताह दो बार अनिवार्य रूप से डायलिसिस कराना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चूंकि हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव के मरीज हैं इसलिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में जाकर डायलिसिस कराना पड़ रहा है। जिसका प्रति सेशन 2170 रूपए खर्च होता है। इस प्रकार हर सप्ताह 4340 रूपए के अलावा रायपुर आने–जाने में काफी खर्च हो जाता है। दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उन्हें उपचार के लिए अब तक 03 लाख 33 हजार 960 रूपए की स्वीकृति मिल चुकी है। जो उम्र के इस पड़ाव में बहुत बड़ी राहत देने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस योजना से उनके जैसे अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन मिल रहा है, जो किसी पुण्य कर्म से कम नहीं है।




स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978